कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-11.10.2024

विषय:- थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा शातिर चोर संजय पटेल गिरफ्तार तथा 02 नफर बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, कब्जे से चोरी गया 01 अदद सबमर्सिबल मोटर, 01 अदद स्टार्टर, 01 बन्डल केबल व घटना मे प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाईकिल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियां के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0200/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस0 बढोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित शातिर अभियुक्त संजय पटेल पुत्र मुन्नी लाल पटेल निवासी ग्राम बलरामपुर मनियारीपुर थाना रोहनिया जनपद वाराणसी को दिनांक-10.10.2024 को समय करीब 23.45 बजे मस्तान बाबा मोड़ के पास हरपालपुर मे थाना लोहता कमि0 वाराणसी थाना लोहता कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया तथा 02 नफ़र बाल अपचारियों को पुलिस अभिराक्षा में लिया गया। अभियुक्त संजय पटेल व बाल अपचारियों के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गये 01 अदद सबमर्सिबल मोटर, 01 अदद स्टार्टर, 01 बन्डल केबल व घटना मे प्रयुक्त वाहन 01 अदद मोटरसाईकिल को बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त संजय पटेल व दोनों बाल अपचारियों ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-03/04 अक्टूबर की रात करीब 12.00 से 01.00 बजे के बीच हम तीनों लोगों ने मिलकर भट्ठी में एक निर्माणाधीन मकान से एक सबमर्सिबल मोटर, एक स्टार्टर व एक बंडल इलेक्ट्रिक वायर चुरा लिया था और वही सामान आज हम तीनों बोरी में भर कर कबाड़ी को बेचने के लिए ले जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिए गये। हम लोग इसी मोटरसाईकिल से चोरी करने के लिये गये थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

संजय पटेल पुत्र मुन्नी लाल पटेल निवासी ग्राम बलरामपुर मनियारी पुर थाना रोहनिया जनपद वाराणसी, उम्र 19 वर्ष।

अभिरक्षा में लिए गये 02 नफ़र बाल अपचारी उम्र करीब 16 वर्ष व उम्र 16.5 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- मस्तान बाबा मोड़ के पास हरपालपुर मे थाना लोहता कमि0 वाराणसी थाना लोहता कमि0 वाराणसी से, दिनांक-10.10.2024 को समय करीब 23.45 बजे।

बरामदगी का विवरण-01 अदद सबमर्सिबल मोटर, 01 अदद स्टार्टर, 01 बन्डल केबल व घटना मे प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल रजि0 सं0-UP70 EL 0533 बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 0200/2024 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 प्रवीन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अनुज शुक्ला थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अमित कुमार यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 विशाल कुमार सिंह लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 प्रवीण सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 अलीमुल्लाह अंसारी थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 अमित यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।